हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .0डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री

11 श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारकर ...



12 इलेक्ट्रिक बस स्टैंड के लिए 14.88 करोड़ का टेंडर जारी



# पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और इनेलो अध्यक्ष अभय चौटाला में छिड़ी जुबानी जंग

## हुड्डा बोले -अभय चौटाला बताए महम में क्या हुआ, बैंसी से कौन किसकी वर्दी में गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला कई दिन से रोहतक में डेरा डाले हुए हैं। वह 25 सितम्बर को ताऊ देवी लाल की जयंती पर होने वाली सम्मान रैली के लिए लोगों को एकजुट कर रहे हैं। साथ ही पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी रोहतक में पत्रकारवार्ता कर अभय चौटाला को आड़े हाथों लिया। पूर्व सीएम हुड्डा ने पलटवार करते हुए यहां तक कह डाला कि रैली में अभय चौटाला क्या बताएंगे कि महम में क्या हुआ, बैंसी में कौन किसकी वर्दी पहन कर गया। किसने गोलियां चलवाई। वहीं इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने जेल जाने से बचने के लिए भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की। अभय पहले कह चुके हैं कि रोहतक सभी का है।



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

इसका एक नेता ठेकेदार नहीं है। दोनों नेताओं के बयान राजनीतिक गलियों में काफी सुर्खियां बने हुए हैं। अभय चौटाला क्या बताएंगे कि जब चौटाला सरकार थी तो किसानों से वादा किया था कि न मीटर होगा और न रीडर होगा। किसान जब कर्जा लेता था तो जीप देखकर खेत छोड़कर भाग जाता था।

### क्या अभय बताएंगे कि महम में क्या कांड किया था

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कोई भी पार्टी अपनी उपलब्धियां बताने के लिए रैलियां करती है। इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला को लेकर कहा कि क्या 25 सितंबर को रोहतक में होने वाली रैली में वह चौटाला सरकार के कांड गिनवाएंगे, क्या अभय बताएंगे कि महम में क्या कांड किया था, बैंसी गांव में कौन किसकी वर्दी पहनकर गया था। हम बताएंगे कि जिसके लिए इनेलो ने गोली चलवाई, वो 1600 करोड़ किसने माफ किए। वे सोमवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय चौटाला एक पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। इनेलो कह रही है कि वे पुराने दिन वापस लाएंगे, लेकिन चौटाला सरकार वाले पुराने दिनों की जरूरत नहीं है।

## पूर्व सीएम हुड्डा ने जेल जाने के डर से भाजपा की बनवाई सरकार : अभय चौटाला

**रोहतक।** इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने पूर्व सीएम हुड्डा पर निशाना साधा और कहा कि जेल जाने के डर से हुड्डा ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवाई है। उन्होंने कहा कि हुड्डा ने कांग्रेस के समय किसानों की बेशकीमती जमीनों को कोडियों के भाव खरीद कर प्राइवेट सेक्टर को महंगे दामों पर बेचा है और किसानों के साथ धोखा किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हुड्डा ने जेल जाने के डर से भाजपा के साथ साठगांठ की और तीसरी बार सरकार बनवाई। इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला सोमवार को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेस व जजपा छोड़कर सैकडों लोगों ने इनेलो का दामन थामा। साथ ही कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में नई अनाज मंडी में होने वाली ताऊ देवीलाल की जयंती पर सम्मान रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि इनेलो की बढ़ती लोकप्रियता देखकर पूर्व सीएम हुड्डा बौखला गए है और मानसिक अवसाद में चले गए हैं। पूर्व विधायक बलवंत मायना, बलवान सुहाग, इन्द्र सिंह ढुल, डॉ. नफे सिंह लाहली, कृष्ण कौशिक, मंजीत कन्हेली, सतीश नांदल रिठाल, बिजेन्द्र सरपंच, धीरज मलिक जिला पार्षद, सूरजदेहराज, ईश्वर सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** कांग्रेस छोड़कर जिला परिषद के वाइस चेयरमैन को पार्टी ज्वाइन करवाते इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला।

### जिप के वाइस चेयरमैन सहित सैकड़ों लोगों ने थामा इनेलो का दामन

*कांग्रेस व जजपा को सोमबार को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के जिला परिषद के वाईस चेयरमैन अनिल हुड्डा ने अपने समर्थकों के साथ इनेलो का दामन थाम लिया। वहीं भैयापुर गांव के सरपंच संजय, कान्ही के सरपंच प्रदीप, नसीरपुर गांव के सरपंच राजाराम, पूर्व सीएम हुड्डा के पैतृक गांव सांघी से अमन हुड्डा व चिडी गांव से जजपा के किसान सैल के जिला अध्यक्ष सतीश दलाल अपने सैकडों समर्थकों के साथ इनेलो पार्टी ज्वाईन की।*

## खबर संक्षेप

### हसनगढ़ के पास सड़क हादसे में व्यक्ति घायल

**सांपला।** खंड के गांव हसनगढ़ के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया । पुलिस ने घायल राजेंद्र निवासी हसनगढ़ के बयान पर रोहणा निवासी ट्रैक्टर चालक जीता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजेंद्र ने बताया कि वह गांव के बस स्टैंड पर चौपाल की तरफ जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक जिला सोनीपत के गांव रोहणा निवासी जीता चला रहा था।

### हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने झज्जर निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि झज्जर निवासी अमित की शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित कर जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अमित अपने दोस्त राहुल, अंकुश व अन्य साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर आया हुआ था।

### प्रकृति-कानून विषय पर विचार गोष्ठी आज

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से 23 सितंबर को प्रकृति और कानून विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम चौधरी रणबीर सिंह मेमोरियल हॉल में दोपहर साढ़े 12 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत होंगे। विशेष उपस्थिति में एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राज गुप्ता और पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजेन्दर सिंह अहलावत रहेंगे।

### चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपी धरे

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियो को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि भिवानी चुंगी रोहतक निवासी श्याम सुंदर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 19 सितंबर को श्याम सुंदर अपने घऱ पर ताला लगाकर परिवार सहित बाहर चला गया।

### जाति प्रमाण पत्र के लिए 24 को विकास भवन पहुंचे

**रोहतक।** जिला प्रशासन ने सेवा पखवाड़ा के तहत घुमंतू जाति के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का निर्णय लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसोदिया ने बताया कि उपरोक्त जाति प्रमाण पत्र बनवाने के इच्छुक लोग 24 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे जिला विकास भवन में अवश्य पहुंचे। वहां पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परिवार पहचान पत्र लाना जरूरी है।

## सतर्कता: दशहरा, दीपावली और अन्य पर्वों पर शहर में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना

# त्योहारी सीजन में बाजारों में सुरक्षा चौकस, 200 पुलिस जवान तैनात

**यातायात पुलिस में भी 50 से अधिक कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई**

*एसपी नरेंद्र बिजराणिया के निर्देश पर पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नाके, चेकिंग और सीसीटीवी की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाएं और रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

त्योहार नजदीक आते ही जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी दिनों में दशहरा, दीपावली और अन्य पर्वों पर शहर में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। बाजारों से लेकर बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एसपी नरेंद्र बिजराणिया के निर्देश पर पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नाके, चेकिंग और सीसीटीवी की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाएं और रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान एसपी ने बाजारों में 200 अतिरिक्त पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा यातायात पुलिस में भी 50 से अधिक कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई है।



**रोहतक।** ट्रैफिक नियंत्रण करता पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सोशल मीडिया पर भी नजर

त्योहारों में अफवाह फैलाने और गलत जानकारी साझा करने की संभावना को देखते हुए साइबर सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है। फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफार्म पर फैलाई जाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई होगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पेट्रोलिंग बढ़ाएं

एसपी नरेंद्र बिजराणिया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाएं और रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन लोगों के लिए खुशियां लेकर आता है, ऐसे में पुलिस का दायित्व है कि वह शांति और सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करें।

### शहर में जगह-जगह नाके

पुलिस ने निर्णय लिया है कि त्योहारों के दौरान शहर की मुख्य सड़कों पर विशेष नाके लगाए जाएंगे। नाकों पर पुलिस टीमें वाहनों की गहन जांच करेंगी। दोपहिया वाहन चालकों से लेकर चार पहिया वाहन चालकों की भी तलाशी ली जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के समय चोरी, झपटमारी और अन्य आपराधिक घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में चेकिंग अभियान से अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी और लोग सुरक्षित माहौल में खरीददारी कर सकेंगे।

### सादी वर्दी में पुलिस की नजर

भीड़भाड़ वाले बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने रणनीति बनाई है कि वर्दीधारी जवानों के साथ-साथ सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इनका मुख्य कार्य भीड़ में मिलकर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखना होगा। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। खासकर ज्वैलरी शॉप्स, मिठाई की दुकानें, गारमेंट्स मार्केट और मॉल्स में इनकी सक्रिय भूमिका रहेगी।

### सीसीटीवी से निगरानी

शहर के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी तेज कर दी गई है। कंट्रोल रूम से रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। इसके अलावा व्यापारियों से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कैमरे अवश्य लगवाएं और पहले से लगाए गए कैमरों को सही हालत में रखें।



**सिविल लाइन्स क्षेत्र में वारदात से हड़कंप**

# सब इंस्पेक्टर के बेटे ने कैफे संचालक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक सनसनीखेज घटना हुई, जिसमें तैनात सब इंस्पेक्टर वनिता के बेटे ने कथित रूप से हथियारों के बल पर एक कैफे संचालक को पीट दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सब इंस्पेक्टर वनिता के बेटे और पीड़ित कैफे संचालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद का आकार बढ़ते ही आरोपी ने लाठी और डंडे के साथ कैफे संचालक पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर स्थिति के कारण आगे की जांच के लिए ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय कैफे में कुछ ग्राहक मौजूद थे, जिन्होंने हमले की पूरी घटना देखी। कुछ लोगों ने आरोपी को हथियार सहित भागते हुए देखा, जबकि कुछ ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इस घटना ने शहर में सामाजिक सुरक्षा और कानून के प्रति विश्वास को हिला कर रख दिया है।

### की जा रही जांच

पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

# नाबालिग लड़कियों के साथ भूटान में हमबिस्तर होना चाहता था कोच, गिरफ्तार

**कोच के खिलाफ महम थाने में पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम थाना क्षेत्र के एक गांव से एक कोच छह नाबालिग लड़कियों को खेल प्रतियोगिता के लिए भूटान लेकर गया था। भूटान में जब खेल प्रतियोगिताएं समाप्त हो गई, तो कोच ने लड़कियों से पार्टी मांगी। उसने लड़कियों से कहा कि वह आयोजन स्थल से दूर अलग से होटल का रूम बुक करेगा और वहां पर पार्टी लेगा। उसने वहां लड़कियों को नींद की गोलियां दी। लड़कियों का आरोप है कि वे गोलियां उन्होंने फेंक दी और उसकी बदनियत को देखते हुए लड़कियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने वहां पर किसी जानकार को सूचना दी। तब वहां एक दंपत्ति लड़कियों को अपने घर लेकर गया। परिजन हवाई जहाज से वहां पहुंचे। लड़कियों को अपने साथ लेकर गांव पहुंचे। एक लड़की के पिता ने महम थाने में दी शिकायत में बताया कि यदि लड़कियां विरोध नहीं करती और हिम्मत नहीं दिखाती तो कोई भी बड़ी वारदात हो सकती थी। दसवीं, ग्यारहवीं कक्षा की ये लड़कियां विदेश में कोच की हरकतें देखकर डर गई। वह इन लड़कियों के साथ गलत काम करने की नीयत से बातचीत कर रहा था। लड़कियों ने घर पर फोन करके परिजनों को पूरी जानकारी दी। परिजन जब लड़कियों को लेने भूटान पहुंचे तो वहां से कोच फरार हो चुका था।

### जहर मुक्त, पोषण युक्त भोजन अभियान शुरू

**रोहतक।** गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने जहर मुक्त, पोषण युक्त भोजन अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि आज भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त जीवन का आधार है। इस पहल का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों से मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है, ताकि हर नागरिक तक शुद्ध और पोषण युक्त भोजन पहुंच सके। प्राकृतिक खाद और जैविक कीटनाशकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# गार्ड ने जहरीला पदार्थ खाकर की खुदकुशी

**बिजेंद्र गुरुग्राम स्थित बिलासपुर में निजी स्कूल में गार्ड की नौकरी करता था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव चुलियाणा में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि इसमइला निवासी बिजेंद्र गुरुग्राम स्थित बिलासपुर क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल में गार्ड की नौकरी करता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साथ ही एफएसएल इंचार्ज डॉक्टर सरोज दहिया ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार, बिजेंद्र ने मानसिक दबाव और परेशानियों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। मृतक बिजेंद्र नौकरी के दौरान मानसिक तनाव में था।



### मानसिक रूप से परेशान था

गांव चुलियाणा में इस्माइला निवासी बिजेंद्र ने आत्महत्या की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि युवक पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था। जिसके कारण मानसिक रुप से परेशान था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। - **परमजीत कुमार**, चौकी इंचार्ज, खरावड़

# कंटेनर की टक्कर से ट्रांसफॉर्मर व खंभा क्षतिग्रस्त, बिजली गुल

## ग्रीन होटल के सामने हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के सुखपुरा चौक से बस स्टैंड जाने वाले रोड पर देर रात बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क किनारे लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतनी भयानक थी कि ट्रांसफॉर्मर के साथ खंभा भी टूटकर नीचे जा गिरा। घटना के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे आसपास के लोगों को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कंटेनर चालक की लापरवाही मानते हुए उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल जांच की जा रही है।

### 200 केवी का ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त

उप मंडल अधिकारी, मॉडल टाउन सब डिवीजन, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बताया कि बस स्टैंड रोड पर विभाग की ओर से 200 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया था। देर रात कंटेनर चालक ने लापरवाही से गाड़ी मोड़ते हुए सीधे ट्रांसफॉर्मर में टक्कर मार दी। इससे न केवल खंभा टूट गया बल्कि ट्रांसफॉर्मर भी क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। उन्होंने कहा कि घटना से पूरे क्षेत्र की बिजली बाधित हो गई और लोगों को अचानक अंधेरे का सामना करना पड़ा।

**सरगर्मी तेज** 31 अक्टूबर तक होना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन का चुनाव

# सुरेश,अजमेर और विकास पैनल लड़ेगा एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का चुनाव, तीनों खड़े हैं बोहत के द्वार

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का वार्षिक चुनाव 31 अक्टूबर तक होना है। इसके लिए कर्मचारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी तक के जो समीकरण बने हैं, उनके मुताबिक सुरेश कौशिक, अजमेर सिंह और विकास गिल का पैनल चुनाव लड़ेगा। पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत ने फिलहाल तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। दो तीन दिन पहले ही ये आपरेशन करवाकर मेदांता अस्पताल से घर लौटे हैं। इनके घर बीमारी का हाल चाल जानने के बहाने उम्मीदवार और उनके खलीफे समर्थन के लिए चक्कर काट रहे हैं। बोहत खुद उम्मीदवार थे। लेकिन रणधीर कटारिया ने ऐसी राजनीतिक कटार चलाई कि बोहत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। बोहत को कटारिया ने उल्टे घड़े पानी भले ही पिला दिया हो, लेकिन अब कटारिया समेत तीनों पैनल इनसे समर्थन की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ये सभी को पता है कि इनके पास कुछ वोटों का जुगाड़ तो है ही।



गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने हैंडलूम दुकान से खरीद डाली मिठाई व पैन

हरिभूमि में प्रकाशित खबर

### खाते-बही, नहीं हैं सही

गत दो चुनाव से संघ की बागडोर कुलवंत मलिक गुट के पास है। इस समय प्रधान अनिल मल्होत्रा हैं। इनसे पहले राजकुमार शर्मा थे। इस गुट ने इस बार अजमेर सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। दो साल की एंटी कंबनेंसी का लाभ मिलने की उम्मीद के साथ सुरेश कौशिक और विकास गिल चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। ध्यान रहे कि संघ के बही-खातों को लेकर कुछ दिन पहले कोषाध्यक्ष डॉ. विजयपाल धनखड़ ने प्रधान पर आरोप लगाए थे। अब उप प्रधान धर्मेंद्र शर्मा भी धनखड़ के सुर में सुर मिलाकर गड़बड़ियों की शिकायत यूनिवर्सिटी को कर चुके हैं। अगर हाल फिलहाल में जांच शुरू हो जाती है तो इसका असर अजमेर सिंह के चुनाव पर पड़ सकता है।

### खलीफे खड़े हैं पीछे

सुरेश कौशिक, अजमेर सिंह और विकास गिल संघ में पहले भी पदाधिकारी चुने गए हैं। इसलिए इन्हें इलेक्शन का अच्छा-भला तुजर्बा है। लेकिन इनके पीछे खलीफे भी खड़े हैं। विकास गिल के खलीफा पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया हैं। कटारिया इस बार आखिर बार मतदान करेंगे। क्योंकि 31 अक्टूबर को ये सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सुरेश कौशिक इस बार खुद ही खलीफा और उम्मीदवार हैं। बताया जा रहा है कि कुलवंत मलिक गुट से प्रधान का चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन मलिक गुट ने साफ इंकार कर दिया तो फिर उन्हें बॉय-बॉय कह आए। ये इधर से उधर और उधर से इधर आने-जाने में देरी नहीं लगाते। अजमेर सिंह के खलीफा कुलवंत मलिक हैं। पूर्व प्रधान राजकुमार शर्मा भी अजमेर के साथ हैं।

### चादर घोटाले पर पड़ा है पर्दा

गैर शिक्षक कर्मचारी संघ हर साल कर्मचारियों की खेल प्रतियोगिता करवाता है। कुछ साल पहले विजेताओं को संघ की तरफ से पुरस्कार स्वरूप चादर दी गई। चादरों की क्वालिटी कैसी थी,ये उन कर्मचारियों से कोई भी पूछ सकता है, जिन्हें ये इनाम में मिली थी। एक कर्मचारी ने नाम न बताने की शर्त पर चादर दिखाते हुए कहा कि एक बार धोने से ही चादर फट गई थी। संघ अपने कर्मचारियों को ऐसी चादर पुरस्कार में देगा तो फिर कौन प्रतियोगिता के लिए पसीना बहाएगा। चादर कितनी ही घटिया क्वालिटी की हों। लेकिन बिलों में नहीं हैं। तभी तो चादरों को लेकर ही एक कर्मचारी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को आरटीआई लगाई थी।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
23 सितंबर 2025


# सहेली

नवरात्र विशेष





आवरण कथा

मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।



**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।

### नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।



## नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

## परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खुबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी पढ़ाई और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।



**सबकी परवाह करती हैं:** पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं कहीं खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप

ललिता गोयल

## मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।

**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।



**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाएं।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

मेडिकल एडवाइस

डॉ. संजय कुमार चुग
एचओडी-कॉर्डियोलॉजी
नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

## तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

प्रस्तुति: विनीता कुमारी

## खबर संक्षेप



### डिमेंशिया बीमारी को लेकर जताई चिंता

**रोहतक।** विश्वभर में हर 3 सेकंड में एक नया डिमेंशिया का मामला सामने आता है और अनुमान है कि वर्ष 2050 तक डिमेंशिया से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या तीन गुना बढ़ जाएगी। डिमेंशिया और अल्ज़ाइमर रोग केवल रोगी को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करते हैं। स्मृति, सोचने की क्षमता और दैनिक जीवन की कार्यक्षमता पर गंभीर प्रभाव डालने वाले इस रोग की शीघ्र पहचान और प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। डिमेंशिया मस्तिष्क से संबंधित एक विकार है, जिसमें स्मृति, सोचने की क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति और दैनिक कार्य करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसके संभावित कारणों में अल्जाइमर रोग, स्ट्रोक, सिर की चोट, संक्रमण, आनुवांशिक कारण और बढ़ती आयु प्रमुख हैं। इसके सामान्य लक्षणों में बार-बार भूलना, परिचित स्थानों में रास्ता भटक जाना, संवाद में कठिनाई, व्यक्तित्व एवं स्वभाव में बदलाव तथा निर्णय लेने में समस्या शामिल हैं।



### श्री एलएन हिंदू कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**रोहतक।** श्रीएलएन हिंदू कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की, जबकि आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी और डॉ. प्रोमिला यादव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समसामयिक मुद्दों पर गहन चिंतन करने के लिए प्रेरित करना, उनकी वक्तृत्व कला का विकास करना तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में मुख्य विषय अंतरराष्ट्रीय शांति, भारत-अमेरिका संबंध और सोशल मीडिया का प्रभाव रखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर किया। उन्होंने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों, विश्व शांति की आवश्यकता और तकनीकी साधनों के सकारात्मक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवा ही वास्तविक बदलाव के वाहक हैं।

## पुरानी आईटीआई मैदान में रामलीला श्रीराम का हुआ शुभारंभ

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारकर आगे बढ़ना ही असली रामलीला: देवव्रत

- मुख्य संरक्षक के रूप में समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन रहे
- प्रभु श्रीराम के उद्घोष के बीच हुआ भव्य उद्घाटन

विजयदशमी के शुभ अवसर पर श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पुरानी आईटीआई ग्राउंड सरकुलर रोड पर स्थित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला की रामलीला का उद्घाटन हुआ, इस मौके पर श्रीराम के अनुयायी काफी संख्या में मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पुरानी आईटीआई ग्राऊंड सरकुलर रोड पर स्थित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला की रामलीला का उद्घाटन हुआ। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि रामलीला के उद्घाटनकर्ता गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्य अतिथि व मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, तिजारा से विधायक एवं बाबा मस्तस्थान विश्व विद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी, यूपीएस के डायरेक्टर विजय जैन, बांगड सिनेमा के डायरेक्टर राजकुमार शर्मा, अल्फा मिल्क फूडस करनाल के डायरेक्टर विपिन गुप्ता, यूपीएस के वाईस प्रेजिडेंट राहुल जैन, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, रामलीला उत्सव कमेटी के प्रधान सुभाष तायल, होली हार्ट अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आदित्य बत्तरा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, आरएसएस रोहतक के डायरेक्टर सुरेश बंसल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, लाईंस क्लब के पूर्व प्रधान शलैष जैन ने महामंडलेश्वर स्वामी परमानन्द के सानिध्य में फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि रामलीला मंचन प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र एवं आर्दशों का जींवत उदाहरण है।



रोहतक। पुराने बस स्टैंड स्थित श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में शुभारम्भ करते हुए बाबा कपिल पुरी। फोटो: हरिभूमि




पुरानी आईटीआई में श्री रामलीला उत्सव कमेटी आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत

### भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारें


मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि रामलीला के इस बार रामलीला का मंचन भव्य तरीके से किया जाएगा। दर्शकों के लिए कलाकर भगवान श्रीराम के आदर्शों का सजीव वर्णन प्रस्तुत करेंगे। प्रभु श्री राम की भक्ति और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकेंगे। उद्घाटन के मौके पर गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्य अतिथि के रूप में रहे व मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन की गरिमामर्यी उपस्थित रही।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

राजेश जैन ने कहा श्रीराम के जीवन से हमे यहीं संदेश मिलता है कि कभी अहंकार नहीं करना चाहिए और हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपीन गोयल, गुलशन निझावन, वरूण सिंगल, मनोज जिंदल, सुरेन्द्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोडा, वरूण शर्मा, नरेश शर्मा, राजन गुप्ता, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, संदीप गुप्ता, मनीष जैन, विकास कंसल, उमा गोयल, संतोष, मनोज जिंदल, आशा गर्ग, बृजबाला, मीना सिंगल आदि उपस्थित रहे।

### खास बातें

- बाबा मस्तस्थान विश्व विद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी की रही गरिमामयी उपस्थित
- श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प



## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

# आत्मानंद जयंती पर रोहतक में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी आत्मानंद जी महाराज की 140 वी जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह 1 अक्टूबर को रोहतक में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्वामी आत्मानंद ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूचना आयुक्त अमरजीत सोलंकी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत आईएएस एवं ट्रस्ट के प्रधान एस सी चौधरी करेंगे। जंयती समारोह झज्जर रोड स्थित शिवा जी कॉलोनी थाना रुपया चौक के पास आयोजित किया जाएगा। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री हरियाणा डॉ. अरविंद शर्मा, महंत बाबा बालक नाथ, समाज सेवी राजेश जैन, रोहतक मेयर रामावतार बाल्मीकि, सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर शामिल रहेंगे। स्वामी आत्मानंद आश्रम में समाज के मार्गदर्शक स्वामी दयानंद सानिध्य में शिक्षा समिति से सम्बन्धित समाज के गणमान्य लोगों की मीटिंग हुई।

### कार्यक्रम को सफल बनाने पर बनी राणनीति

बैठक में जयंती को सामाजिक आधार पर धूमधाम से मनाए जाने का फैसला लिया गया। मीटिंग में ट्रस्ट सदस्यों के अलावा शिक्षा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे। ट्रस्ट महासचिव प्रो बसंत लडवाल ने बताया कि जयंती समारोह को लेकर समाज में जोश है तथा जयंती को हर्षौल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर संस्था के प्रधान रामधारी नागर, उप प्रधान सूरज देहराज, महासचिव देवेंद्र अटकान सचिव परीक्षित दुग्गल, धर्मपाल इंदौरा, विजय सुनारिया, राज सिंह गुड्डान सन्नी लडवाल, मीणा अटकान, रानी किराड़, राजकुमार अजायब, बलबीर मोखरा, नरेश इंदौरा, ज्वाला सिंह, कृष्ण लडवाल सोनीपत, सुनील सोलंकी जुलाना, पवन दुग्गल, दीपक लडवाल, विनोद मोडी, सुनील दुग्गल, चंचल मोखरा, बिजेंद्र सोलंकी, बिजेंद्र प्रधान, कृष्ण सुनारिया, सतीश सुनारिया, विकास, रानी किराड़ आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का शुभारंभ

- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से लगभग 34 टीमें रोहतक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में राज्य स्तरीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल महोत्सव में विद्यालय को कुश्ती और भारोतोलन प्रतियोगिताओं की मेजबानी दी गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से लगभग 34 टीमें रोहतक पहुंची हैं।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आरंभ खिलाड़ियों को टीम भावना और निष्पक्ष खेल की शपथ दिलाकर किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह और जोश से पूरे परिसर का माहौल रोमांचित हो उठा।

प्रतियोगिता के संचालन के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14, गुरुग्राम की प्राचार्या अपर्णा एरी को राज्य समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं, पर्यवेक्षक की भूमिका डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, हिसार की प्राचार्या डॉ. इंदू शर्मा और केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल, हिसार के प्राचार्य चंद्रप्रकाश निभा रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी गतिविधियों का संचालन और मूल्यांकन पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाएगा। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने प्रतियोगिता में भाग लेने आए सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों, टीम मैनेजरों और कोचों का आभार व्यक्त किया।





रोहतक। कुश्ती प्रतियोगिता में दांव-पेच दिखाते पहलवान, दूसरी ओर प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### प्रधानाचार्य ने प्रतिभागियों का किया स्वागत

प्रधानाचार्य शंकर लाल ने प्रतियोगिता में आए प्रतिभागियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि उसे इस स्तर की खेल प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने कुश्ती और भारोतोलन जैसे कठिन खेलों में अपनी क्षमता और मेहनत का प्रदर्शन किया। अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।

# भाजपा और ट्रस्ट ने सेवा पखवाड़ा को जन आंदोलन का रूप देने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट एवं गौकर्ण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय शास्त्री नगर स्थित लवानियां भवन में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के चेयरमैन व ज्योतिषाचार्य पं. विजय कुमार शर्मा वृंदावन वाले के पावन सान्निध्य में तथा सेवा पखवाड़ा कलानौर विधानसभा संयोजक धर्मबीर शर्मा की अध्यक्षता में हुआ।

स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। बैठक के पश्चात शास्त्री नगर नजदीक आईडीसी चैक, हिसार रोड पर कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान भी चलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा पखवाड़ा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। सेवा का भाव ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान है कि हर कार्यकर्ता समाज के लिए समर्पण और सेवा का भाव रखे।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पुष्पा देवी, पं. रमाशंकर दीक्षित, मधु शर्मा, पूर्व पार्षद नीलम पांचाल, मंडल अध्यक्ष गीता आल्यान, विनोद आल्यान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश सैनी, पार्षद अक्षय मोखरा, पार्षद रिंकू नागर, धर्मबीर सैनी, सुरेश दहिया, सतबीर रावत उपस्थित रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन व ज्योतिषाचार्य पं. विजय कुमार शर्मा वृंदावन वाले ने कहा कि स्वच्छता अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।



महम। सीसर खास गांव में निर्माण कार्य का शिलान्यास करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व उनके साथ उपस्थित ग्रामीण।

## सांसद ने किया महिला सशक्तिकरण केंद्र का उद्घाटन

महम। सोमवार को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सीसर खास गांव में कई विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 15 लाख रुपए की लागत से बनाए गए महिला सशक्तिकरण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने 10 लाख रुपपए की लागत से फिरनी और 5 लाख की लागत से बनने वाले शेड का किया शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद ने कहा की 21 वीं सदी नारी की सदी है और प्रधानमन्त्री ने सेवा पखवाड़ा के माध्यम से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया हुआ है। अब आत्म निर्भर भारत बनाने में महिलाओ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए सांसद का आभार व्यक्त किया। पिछले दिनों उन्होंने हलके में लगभग साढ़े सात करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। गांव में पहुंचने पर गांव वासियों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता महंत सतीश दास, पंचायत समिति के चेयरमैन नवनीत राठी, सरपंच अनुराधा सिंहमार रहे।




### भाविप की नई अर्जुन शाखा का परिचय समारोह सम्पन्न

रोहतक। भारत विकास परिषद की नई शाखा अर्जुन शाखा का परिचय कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्ष के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महासचिव दीपक जिंदल ने परिषद की राष्ट्रीय एवं प्रांतीय गतिविधियों का उल्लेख किया, वहीं प्रांतीय संगठन मंत्री राम चरण सिंगला ने परिषद के राष्ट्रीय स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन सेक्टर शाखा के अध्यक्ष रमेश अहलावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से शाखा की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मनोज बहल को अध्यक्ष, गौरव मलिक को सचिव तथा हिमांशु खुराना को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर दीपक जिंदल, राम चरण सिंगला, सुनील जैन, मनोज बहल, गौरव मलिक, हिमांशु खुराना, रमेश अहलावत, सतीश कुमार, कैलाश मित्तल, एडवोकेट विश्वेन्द्र सिंह, ओमपाल, योगेश कुमार खुराना, संजय कौशिक, रोहतास, राजपाल, एडवोकेट गुलशन कुमार ललित, पंकज बुधवार, डॉ. कुलविंदर खटकड़, डॉ. देवेंद्र राणा, नमन बंसल, सतीश बंसल, सतीश शर्मा, कृष्ण लाल गिरधर आदि मौजूद रहे।

### समर्थगुरुधारा वार्षिक संसद का भव्य शुभारंभ

रोहतक। मुरथल रोड स्थित समर्थगुरु धाम आश्रम में समर्थगुरुधारा वार्षिक संसद का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए कोऑर्डिनेटर्स एवं आचार्यों ने इस आध्यात्मिक एवं संगठनात्मक आयोजन में सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में पहले दिन के सत्र में रोहतक के साधकों के लिए सिद्धार्थ ध्यान योग, ऊर्जा योग, ज्ञान योग और प्रकृति चिकित्सा जैसे विविध साधना एवं स्वास्थ्य सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में बड़ी संख्या में साधक हिस्सा लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के 83वें जन्म दिन 23 सितंबर की तैयारियों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर रोहतक से एडवोकेट सुरेंद्र हुड्डा, रमेश खुराना, आचार्य अनहद, दलशेर मलिक, आशा मोनिका, आचार्य बसंत, जितेंद्र हांडा, रिम्पी आदि मौजूद रहे।

### सांघी गांव में लगा निशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप में कुल 65 मरीज पहुंचे, जिनमें कुछ को जोड़ों के दर्द की समस्या थी, जबकि कुछ मरीजों को कमर दर्द और अन्य प्रकार की समस्याएं थी। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसमें हर सप्ताह गांव और उसके आसपास के लोग अपना उपचार करते हैं। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- MRI Technician 2
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की हुई पूजा

# संकट मोचन मंदिर में धूमधाम से आरंभ हुए शारदीय नवरात्र, भक्तों ने की पूजा

- नवरात्रि नौ दिन की पूजा होती है, तिथि बढ़ने के कारण यह 10 दिन तक पूजा अर्चना होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में भक्ति, आस्था और श्रद्धा का महापर्व शारदीय नवरात्रि महोत्सव सोमवार को धूमधाम से आरंभ हुए जो एक अक्टूबर तक चलेंगे। सामान्यतः नवरात्रि नौ दिन की पूजा होती है, लेकिन इस बार तिथि बढ़ने के कारण यह 10 दिन तक पूजा अर्चना होगी। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। मानेश्वरी देवी और भक्तों ने सोमवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना श्रद्धा से आरंभ की। साध्वी मानेश्वरी देवी ने विधिनुसार व मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा के दरबार में सुबह 8 बजे शुभ मुहुर्त अनुसार कलश स्थापना व खेतरी बीजी। तत्पश्चात अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। मानेश्वरी देवी ने कहा कि मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। शैल का अर्थ है पत्थर या पहाड़। मां शैलपुत्री की कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में उनके नाम की तरह स्थिरता बनी रहती है, जीवन में अडिग रहकर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।



रोहतक। संकट मोचन मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव पर पूजा अर्चना करते साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तजन। फोटो: हरिभूमि



**रोहतक।** दुर्गा भवन मंदिर में माता का सजा दरबार। फोटो: हरिभूमि



**रोहतक।** नवरात्र के प्रथम दिवस पर श्री दुर्गा माता मंदिर, पहाड़ा मोहल्ला रोहतक में ज्वाला जी से लाई गई ज्योति को स्थापित करते हुए उप आचार्य महामंडलेश्वर गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिलपुरी महाराज।

hartron
ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

### इंचार्ज नोडल ट्रीटमेंट सेंटर डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने प्रदेशभर के चिकित्सकों को दी ट्रेनिंग

# जिला अस्पतालों में भी शुरू होगा फैटी लिवर का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लिवर खराब होने के तीन प्रमुख कारण है शराब, फैटी लिवर तथा काला पीलिया (हेपेटाइटिस बी एवं सी) शामिल है। हरियाणा सरकार, हरियाणा वासियों का लीवर सुरक्षित करने के लिए इन तीनों कारणों को दूर करने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। नशे के खिलाफ निरंतर जागृति अभियान चलाए जा रहे हैं। काले पीलिये का निशुल्क इलाज प्रत्येक मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पतालों व पीजीआईएमएस में किया जा रहा है। फैटी लीवर से बचाव के लिए पूरे हरियाणा के डॉक्टरों को ईको (एक्सटेंशन फार कम्युनिटी हेल्थ केयर आउटकम्स) के माध्यम से पीजीआई के मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं इंचार्ज नोडल ट्रीटमेंट सेंटर डॉ. प्रवीण मल्होत्रा द्वारा ट्रेंड किया गया है। जिसके बाद जिला अस्पतालों में भी फैटी लिवर का उपचार शुरू हो सकता है।

**काले पीलिये का नि:शुल्क इलाज प्रत्येक मेडिकल कॉलेज व सिविल अस्पतालों में हो रहा**

#### अगले चरण में 800 डॉक्टर को 6 माह के अंदर करेंगे प्रशिक्षित

ईको के माध्यम से सबसे पहले 50 मेडिकल अफसरों को वर्चुअल टीचिंग के माध्यम से ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिसमें डीजीएचएस कार्यालय के स्टेट नोडल ऑफिसर एनवीएचसीपी डॉक्टर प्रवीण बूरा ने अहम भूमिका निभाई। इसकी सफलता को देखते हुए अगले चरण में पूरे हरियाणा के 800 डॉक्टर को बारी-बारी 6 माह के अंदर प्रशिक्षित किया गया। अहम योगदान निभाया डीजीएचएस ऑफिस से डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंधु, डॉ. ओमपाल सैनी तथा डॉक्टर गिरीश अत्री ने निभाया।



#### फैटी लीवर को भी राष्ट्रीय प्रोग्राम में शामिल करेंगे

डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि काले पीलिये की तरह फैटी लीवर को भी राष्ट्रीय प्रोग्राम में शामिल किया गया है और उसके तहत देश भर में डॉक्टर को ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। डॉ. प्रवीण मल्होत्रा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर ईको ट्रेनर है और दूसरे राज्य जैसे जम्मू एंड कश्मीर, कर्नाटका तथा पूर्वोत्तर राज्यों के डॉक्टरों को ट्रेनिंग दे चुके हैं। ईको की टीम में जो सहयोग दे रहे हैं उनमें डॉक्टर कुमुद राय, डॉक्टर संदीप भल्ला, डॉक्टर सुनील, डॉ आनंद, डॉक्टर प्रोबिता दास तथा डॉक्टर पूर्णिमा पराशर है।

#### ट्रेनिंग पर कोई खर्च नहीं आया

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि यह सारी ट्रेनिंग 6 माह के अंतराल पर वर्चुअल माध्यम से दी गई और इस पर कोई खर्चा नहीं आया। अब हरियाणा के सभी प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर व जिला अस्पतालों में डॉक्टर फैटी लीवर के मरीजों की जल्द पहचान तथा इलाज कर सकेंगे और गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर सकेंगे। इसी कड़ी में हर हफ्ते हर जिला अस्पतालों में एक दिन लिवर क्लिनिक भी चलाया जाएगा। ईको प्लेटफार्म से पूरे राज्य को ट्रेनिंग करने वाला हरियाणा पहला राज्य है। इस ट्रेनिंग को प्रदान करने के लिए कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल तथा निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा के प्रयासों की सराहना की है और कहा कि इस ट्रेनिंग के सार्थक परिणाम निकलेंगे।

## खबर संक्षेप



रोहतक। वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई का स्वागत करते भाजपा नेता संदीप हुड्डा चमारिया व योगेंद्र नाथ मलहोत्रा।

### जनहित दिवस के रूप में मनाया कुलदीप का जन्मदिन

**रोहतक।** भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता आदमपुर पहुंचे और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को जन्मदिन की बधाई दी। बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र नाथ मलहोत्रा, अनिल मल्होत्रा , अमित परुथी, संजू मक्कड़, भव्य मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता संदीप हुड्डा चमारिया ने बताया कि कुलदीप बिश्नोई ने सदैव जनहितों के लिए संघर्ष किया तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए राजनीति की है। इसलिए उन्होंने कुलदीप बिश्नोई के जन्मदिन को जनहित दिवस के रूप में मनाया।



### एक लाख 44 हजार रुपये की ठगी करने वाला काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गाड़ी बेचने के नाम पर 1 लाख 44 हजार रुपये की ठगी के मामले में आरोपी रुस्तम निवासी अलवर को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव समचाना निवासी मोहित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 15 जुलाई को मोहित ने फेसबुक पर गाड़ी बेचने की पोस्ट देखी।

### प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में पेड़ों की कटाई करवाई थी

### टेंडर अलॉट होने के एक माह बाद ही होगा काम शुरू

# इलेक्ट्रिक बस स्टैंड के लिए 14.88 करोड़ का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की जा रही है। बस स्टैंड परिसर में पुलिस चौकी के पास खाली पड़ी करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन पर इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाया जाएगा। इसके लिए 14.88 करोड़ रुपये का टेंडर जारी हो चुका है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर थी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। रोडवेज मुख्यालय की टीम इस परियोजना के लिए पहले ही तीन बार सर्वे कर चुकी है। सर्वे के बाद इस जमीन को चुना गया, क्योंकि यह मुख्य बस स्टैंड के बिल्कुल पास है और यहां से शहर और आसपास के रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करना आसान होगा। हालांकि इस जमीन को तैयार करने की प्रक्रिया विवादों में भी रही। यहां पर पहले से खड़े करीब 163 पुराने पेड़ों की कटाई जनवरी 2024 में की गई थी। यह कदम बस स्टैंड निर्माण के लिए उठाया गया था। यूनियनों और पर्यावरण प्रेमियों ने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया था। विरोध को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में पेड़ों की कटाई करवाई थी। इसके बाद से यह मामला चर्चा में बना हुआ है।

■ जमीन को तैयार करने की प्रक्रिया विवादों में भी रही

▶▶ *अधिकारियों का कहना है कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। रोडवेज मुख्यालय की टीम इस परियोजना के लिए पहले ही तीन बार सर्वे कर चुकी है।*



*जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मुख्यालय ने यह निर्णय लिया है। इससे यात्रियों की सुविधाएं बढ़ेगी, ताकि आने वाले समय में उनको परेशानी न झेलनी पड़े। इनमें से कुछ बसें एसी तो कुछ नोन एसी भी रहेगी।*
*-सुरेंद्र सिवाच, वर्कशाप मैनेजर, रोडवेज डिपो*

#### ग्रामीण इलाकों समेत अन्य रूटों पर दौड़ेंगी बसें

बस स्टैंड बनने के बाद रोहतक में इलेक्ट्रिक की कुल 50 बसें और आनी है, ताकि इन्हें ग्रामीण रूटों से लेकर अन्य लंबे रूटों पर भी दौड़ाया जाए। इससे यात्रियों को काफी सुविधाएं मिलेगी, ऐसे में कुछ रूटों पर होने वाली कमी को भी पूरा किया जा सकेगा। जल्द ही यह कार्य 2026 में पूरा कर लिया जाएगा। ताकि जल्द से जल्द आमजन को सुविधा मिल सकें। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में यहां इलेक्ट्रिक बसों के लिए अत्याधुनिक चार्जिंग स्टेशन, वर्कशॉप और बसों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इससे न केवल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी बल्कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी बड़ी मदद मिलेगी।

#### प्रति किलोमीटर मिलेगी 28 रुपये की सब्सिडी

केंद्रीय वित्तीय सहायता के तहत प्रति किलोमीटर 28 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी, वहीं राज्य सरकार भी निजी ऑपरेटर को भुगतान सुनिश्चित करेगी। साथ ही पावर हाउस से बस स्टैंड तक हाई-वोल्टेज बिजली लाइन डालने के लिए 1.5 करोड़ रुपये का अलग से निवेश किया जाएगा, ताकि चार्जिंग व्यवस्था में किसी तरह की दिक्कत न आए।

#### पीपीपी माडल के तहत चलेगी 50 बसें

फिलहाल शहर में पांच इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, जो विभिन्न रूटों पर सेवाएं दे रही हैं। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल के तहत 50 और इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए समर्पित बस स्टैंड का निर्माण जरूरी है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद महम, कलानौर, सांपला व लाखनमाजरा तक भी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी।



रोहतक। नोवा दुर्गा महोत्सव पर कलश यात्रा निकाली महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### 551 कलशों के साथ भव्य यात्रा मां दुर्गा पंडाल में विराजमान

**रोहतक।** पेच परसराम सेवा मंडल द्वारा आयोजित नोवा दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को बड़ी धूमधाम से हुआ। पुरानी अनाज मंडी से निकाली गई भव्य कलश यात्रा में 551 महिलाओं ने भाग लिया और मां दुर्गा को पंडाल में विराजमान किया गया। कलश यात्रा को महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज, समाजसेवी व उद्योगपति राजेश जैन और पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा माल गोदाम रोड, भिवानी स्टैंड, रेलवे रोड होते हुए पंडाल तक पहुंची। पंडाल में ज्वालाजी से लाई गई मां की ज्योति स्थापित की गई, जो पूरे दस दिन तक भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रहेगी। शाम की आरती में विधायक भारत भूषण बतरा, समाजसेवी विनोद जैन और अमित जैन पहुंचे और मां दुर्गा की आरती कर आशीर्वाद लिया। बाहुबली गणेश, बाहुबली हनुमान और गंगा मैया की झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। महोत्सव के पहले दिन शहरभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



रोहतक। जसबीर स्मारक में मीटिंग को सम्बोधित करते किसान नेता।

### पूरे प्रदेश के किसानों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 4 व 5 अक्टूबर को भट्टू में

**रोहतक।** किसानों की समस्याओं पर आगामी आंदोलन की योजना के लिए सोमवार को जसबीर स्मारक में मीटिंग हुई। इसमें किसान सभा ने प्रदेश भर में जलभराव से लाखों एकड़ में फसलों में हुए नुकसान पर चिंता प्रकट करते हुए 40 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजे की मांग की है। फसल खरीद की गारंटी, किसान मजदूर की कर्जा मुक्ति, प्रीपेड मीटर योजना को वापस लेने, फसल खराबे का मुआवजा बढ़ाने समेत किसानों के अन्य मुद्दों को लेकर किसान सभा का 15 राज्य सम्मेलन 4 और 5 अक्टूबर को भट्टू फतेहाबाद में होगा। ये निर्णय मीटिंग में लिया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर से 200 से ज्यादा किसान प्रतिनिधि हिस्सा लेगे। इस मौक पर अनाज मंडी में खुला अधिवेशन किए जाएगा। जिसे किसान सभा का राष्ट्रीय नेतृत्व संबोधित करेगा। बैठक में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध करवाने समेत दूसरी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में राज्य उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, रोशन,फूल सिंह,दिनेश सिवाच आदि शामिल रहे।

### एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन का 13वां जिला सम्मेलन सम्पन्न

**रोहतक।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 13वां जिला सम्मेलन स्थानीय कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधान राम प्यारा हुड्डा ने की। इसमें 85 डेलिगेट, 10 आब्जर्वर और 10 वालंटियर शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान जयबीर चहल ने किया। कार्यक्रम में सचिव की सांगठनिक रिपोर्ट और कोषाध्यक्ष की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सात डेलिगेट्स ने रिपोर्ट पर चर्चा की और दोनों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, सचिव मनजीत पांचाल और केन्द्रीय कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिया, विजय लाम्बा व अनिता रानी मौजूद रहे। सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिए सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें विरेंद्र हुड्डा को जिला प्रधान, संजय भारद्वाज वरिष्ठ उपप्रधान, मनजीत और सुषमा उपप्रधान, राजेश शर्मा सचिव, भारत भूषण व विरेंद्र सिंह सह सचिव, अभिमन्यु कोषाध्यक्ष और वीरसिंह को प्रेस सचिव चुना गया। अन्य सदस्यों में सत्यनारायण, बृजेश, विजय, मंजू, सतीश बत्रा, उषा, कांता, अनिता, राकेश कुंडू और रविंद्र हुड्डा शामिल हैं, जबकि राम प्यारा हुड्डा को सलाहकार नियुक्त किया गया। राज्य महासचिव हितेंद्र सिहाग ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।

### युवाओं को प्रेरणा देने के लिए प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई

**सैकड़ों युवाओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से देखा मोदी के जीवन का संघर्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय मंगल कमल पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किया। यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित रही, इसमें मोदी के संघर्ष, समर्पण और देश को नई दिशा देने वाले नेतृत्व की प्रेरक झलक पेश करती है। यह प्रदर्शनी युवाओं को देश सेवा और समर्पण की भावना पैदा करने वाली रही। उद्घाटन अवलोकन के बाद जांगड़ा ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से लेकर राष्ट्र सेवा तक की पूरी यात्रा को दर्शाती है।



**रोहतक।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनी कार्यक्रम में भाजपा नेता नागेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मालिक, संदीप जांगड़, जिला महामंत्री नितिन जैन, जिला सचिव एडवोकेट शिव कुमार परमार आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि पर जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग में की घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नवरात्रि के पावन अवसर पर जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग में घट स्थापना की गई। निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना, प्रधानाचार्या सविता नेहरा तथा सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करते हुए विक्रांत मायना अति भावुक हो उठे।

इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों ने देवी दुर्गा की स्तुति की और प्रसाद ग्रहण किया। विक्रांत ने कहा कि नवरात्रि का त्योहार न केवल एक धार्मिक अवसर है बल्कि यह हमारे भावनाओं और संस्कृति का भी प्रतीक है। सान्या ने बताया कि यह त्योहार हमें एकजुट करता है और हमारे आध्यात्मिक भावनाओं को मजबूत करता है।

सविता नेहरा ने कहा कि नवरात्रि का त्योहार हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी संस्कृति का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जानकारी** राज्यसभा सांसद ने रोहतक प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में जीएसटी रिफार्म पर की प्रेसवार्ता

### सरकार ने आमजन को दी सुविधा

# नए जीएसटी रिफार्म से आम लोगों का जीवन सरल और सुलभ होगा: जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राज्यसभा के सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने नए जीएसटी रिफार्म्स जनता के लिए बड़ा उपहार बताया है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय जीएसटी संग्रह में विश्व के आधुनिक और विकसित देशों में काफी उपर आ गया है। उन्होंने कहा कि इसमें पारदर्शिता और ईमानदारी भी है। नए जीएसटी रिफार्म से आम लोगों का जीवन सरल और सुलभ होगा। उन्होंने कहा दैनिक वस्तुओं को बहुत कम जीएसटी के दायरे में लाया गया है। जिससे आमजन को लाभ होगा।

वे सोमवार को भाजपा कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने राजमर्रा की कई चीजों पर जीएसटी को पांच प्रतिशत तक किया है और कई वस्तुओं को जीएसटी के दायरे से बाहर भी किया है। उन्होंने कहा कि अब वस्तुओं का रेट कम होगा तो लोग अधिक खरीददारी करेंगे इससे देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी। जितना उत्पादन बढ़ेगा उसी हिसाब से देश उन्नति करेगा।




रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा के सांसद रामचंद्र जांगड़ा व अन्य भाजपा के पदाधिकारी।

#### भारत चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना

रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना। अब जीएसटी रिफार्म से भारत की अर्थ व्यवस्था विश्व मे तजी से आगे बढ़ेगी। सामान्य लोगों की खरीद पॉवर बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी सरकार का यह स्वागत योग्य और बढ़ा कदम है। सांसद ने कहा जीएसटी सुधारों का हर क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलने वाला है। किसान के उपकरणों सहित रोजमर्रा की चीजें सस्ती होगी। जीएसटी में सुधार करने से मांग बढ़ेगी, मांग बढ़ने से पूर्ति बढ़ेगी और पूर्ति बढ़ने से निवेश बढ़ेगा और निवेश बढ़ने से अर्थव्यवस्था बढ़ेगी व अर्थव्यवस्था के बढ़ने से देश आगे बढ़ेगा। जीएसटी रिफार्म से टैक्स सिस्टम आसान हुआ है जिसका फायदा व्यापारियों को भी मिलने वाला है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, भाजपा नेता नागेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज, महंत सतीश दास भी उपस्थित रहे।

#### आइसक्रीम पर 5 प्रतिशत जीएसटी

जांगड़ा ने कहा कि पहले आइसक्रीम पर 18 प्रतिशत जीएसटी थी अब सरकार ने 5 प्रतिशत कर दिया है। चॉकलेट पर 31 प्रतिशत थी उसे भी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। साबुन तेल जैसी वस्तुओं पर पहले 27 प्रतिशत जीएसटी थी उसे घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। सिलाई मशीन पर भी 16 से घटाकर 5 प्रतिशत जीएसटी की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने टीवी, फ्रीज, गीजर ऐसी जैसी वस्तुओं पर काफी राहत दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भविष्य के सपनों के मुताबिक जीएसटी रिफार्म किया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी सरकार का यह बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि यह जीएसटी उत्सव जनता की बचत को बढ़ाएगा, प्रदेश के हर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान व सभी परिवार को इसका लाभ मिलेगा।

#### लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया

सांसद जांगड़ा ने मोदी सरकार ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार को लागू करके लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। अब नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारी, उधोगपति और आम आदमी आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत होगा। यह मोदी सरकार का देश के लोगों को दीवाली का बड़ा तोहफा है जो नवरात्रि के पहले दिन से मिलना शुरू हो जाएगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग भ्रम फैलाने में जुटे हैं। विपक्ष को अपनी जनता की लाभ हानि से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनहित में फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 11 वर्षों में ऐयरपोर्ट, हाइवे, रक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया हैं।